# फीस वृद्धि को लेकर डीएसओ ने किया प्रदर्शन

## छात्र-छात्राओं की समस्या और शिक्षकों की कमी को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नेहरू महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं, प्राध्यापकों की कमी और फीस वृद्धि के विरोध में गुरुवार को छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशनज ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत छात्रों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए AIDSO कॉलेज इकाई अध्यक्ष विश्ववीर भंडारी ने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव है। न तो नियमित कक्षाएं लग रही हैं और न ही लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध हैं। संगठन ने 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए नियमित प्राध्यापकों एवं





लैब टेक्नीशियन की भर्ती, पीने का स्वच्छ पानी, लैब एवं स्पोर्ट्स सामग्री, नियमित साफ-सफाई, समय पर छात्रवृत्ति और पीजी में मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, भूगोल, जूलॉजी, फिजिक्स व केमिस्ट्री विषय शुरू करने की मांग उठाई।

**फीस वृद्धि और बस शुल्क का विरोधः**

छात्र नेताओं ने हर वर्ष एडमिशन फीस में की जा रही वृद्धि और बस सुविधा के नाम पर लिए जा रहे 360 के अतिरिक्त शुल्क को छात्रों पर बेवजह का बोझ करार दिया। वहीं महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। ज्ञापन की प्रतियां उच्च शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा आयुक्त और अशोकनगर कलेक्टर को भी भेजी गई हैं। AIDSO पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि समस्याएं हल नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा।

इस अवसर पर नीलेश भंडारी, विकास राय, आरती केवट और रेखा केवट सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वार्ड 8 में 28 लाख की सीसी सड़क का नपाध्यक्ष ने पार्षदों के संग किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के चौमुखी विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के क्रम में निर्माण कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरूवार को शहर के वार्ड क्रमांक 8 को एक बड़ी सौगात मिली, जहाँ लगभग 28 लाख की लागत से बनने वाली सीसी (सीमेंट कंक्रीट) सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। भूमिपूजन का मुख्य कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद गीता आर्य और नगर



पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। पार्षद प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, विपिन शिवहरे, पार्षद प्रतिनिधि मनीष धुरेंटे, योगेश खेरा और राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### मानवेन्द्र सिन्हा बने नगर कांग्रेस कमेटी ईसागढ़ के अध्यक्ष



**ईसागढ़।** नगर कांग्रेस कमेटी ईसागढ़ के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मानवेन्द्र सिन्हा को प्रदान की गई है। उनके मनोनयन पर कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर मानवेन्द्र सिन्हा ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, चंदेरी के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव राव यादवेंद्र सिंह, अशोकनगर विधायक हरिबाबू राय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाहा, ईसागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश लोधी सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों का हृदय से धन्यवाद किया। मानवेन्द्र सिन्हा ने कहा कि संगठन द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाएंगे। उनका प्रयास रहेगा कि नगर ईसागढ़ में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत किया जाए तथा संगठन को जन-जन से जोड़ते हुए आमजन की आवाज को मजबूती से उठाया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन और सहयोग से निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने अपने कार्यकाल के लिए सभी कांग्रेसजनों से सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।

### आयुष विभाग ने आयोजित किए जन जागरुकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिला आयुष अधिकारी डॉ. उपेंद्र रघुवंशी के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरूवार को 11 वे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के पूर्व जन जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन जिले के चिन्हित 9 स्थानों पर किया गया। शिविर में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और पैरामेडीकल स्टाफ के द्वारा नि:शुल्क औषधियों का वितरण कराया गया। जिससे संपूर्ण जिले में लगभग 700 रोगी लाभांवित हुए। शिविर में ग्रामीणों को दिनचर्या, ऋतुचर्या के महत्व को बताकर आयुष विधा से स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित जन समूह को योगाभ्यास कराया गया तथा नियमित योगाभ्यास के लाभों को बताकर प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताये गये।

### श्रम विभाग के पोर्टल एवं टोल फ्री नंबर पर दे श्रम प्रहरी की सूचना

**अशोकनगर।** श्रम प्रहरी श्रम विभाग की एक पहल है जिसके तहत कोई भी जागरूक नागरिक अपने आसपास के अपंजीकृत कारखानों, संस्थानों या निर्माण कार्यों की सूचना श्रम विभाग, मध्यप्रदेश के पोर्टल अथवा टोल-फ्री श्रमिक हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज करा सकता है। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों की सुरक्षा बढ़ाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। यह कोई सरकारी पद नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है जिसके माध्यम से हर नागरिक, श्रमिक सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं श्रम कानूनों के पालन करवाने में मददगार बन सकता है। यदि आप अपने आसपास किसी ऐसे कारखाने या व्यावसायिक प्रतिष्ठान को देखते हैं जो

# सुबह रक्तदान तो शाम को जले आशीर्वाद के दीए

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। गुरुवार को सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। तो शाम को सभी ने घर-घर तथा सार्वजनिक स्थलों पर प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षीय जनप्रतिनिधि के रूप में जन सेवा के कार्यकाल पर विश्वास जताते हुए आशीर्वाद का दिया जलाया। और उनके दीर्घायु यशस्वी जीवन की कामना की। गुरूवार सुबह भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिला चिकित्सालय में





भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों और आमजन ने रक्तदान किया।

**एक दान जीवन के लिए रक्तदान अवश्य करें : कलेक्टर**

कलेक्टर साकेत मालवीय ने सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला चिकित्सालय अशोकनगर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना मानवता के लिए सबसे बड़ा धर्म है। रक्तदान से हम किसी के अमूल्य जीवन को बचा सकते हैं। वहीं जिला मुख्यालय पर सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में भाजपा नगर एवं पछार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता कर रक्तदान किया एवं रक्तदान महादान का संदेश सार्थक किया। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती लखन यादव, नगर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, पछार मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा धर्मेंद्र रघुवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**घरों और प्रमुख चौराहों पर जले आशीर्वाद के दीए :**

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर शाम के समय भाजपा कार्यकर्ताओं सहित केंद्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने घरों तथा शहर के सार्वजनिक स्थलों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के जनप्रतिनिधि के रूप में 25 वर्ष के जन सेवा के कार्यकाल पर आशीर्वाद के दीए जलाकर प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास जताया।





### सेवा संकल्प अभियान के तहत मुंगावली अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**मुंगावली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मुंगावली अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर सेवा और मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के साथ भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जंडेल यादव, मोहन यादव, विवेक श्रीवास्तव एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजितेश श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर अनेक साथियों सहित रक्तदान किया रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। शिविर के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण भी किया गया। इस पहल के माध्यम से मरीजों के प्रति संवेदना एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मनीष मोदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आस्था का केंद्र बना पनखा का हनुमान मंदिर

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** मुंगावली मार्ग पर पहाड़ी पर स्थित पनख्वा जी सिद्ध स्थान और वहाँ विराजमान श्री हनुमान जी महाराज का मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। प्राकृतिक सुंदरता और शांति से भरपूर इस पहाड़ी मंदिर की महिमा दूर-दूर तक फैली हुई है। मंदिर तक सुगम पहुँच के लिए यहाँ तक पक्की सीसी रोड का निर्माण किया गया है जिससे भक्तों को पहाड़ी चढ़ने में आसानी होती है।मंदिर परिसर में एक प्राचीन सिद्ध कुंड स्थित है जिसमें पूरे वर्ष भर पानी उपलब्ध रहता है। इस स्थान के नाम पनख्वा जी पड़ने के पीछे बुजुर्गों द्वारा बताई गई एक बेहद दिलचस्प और चमत्कारिक कहानी जुड़ी है।कहा जाता है कि सैकड़ों वर्ष पहले यहाँ आयोजित एक धार्मिक समारोह के दौरान मिष्ठान प्रसाद बनाने के लिए अचानक मावा की कमी पड़ गई थी। जब कहीं भी मावा उपलब्ध नहीं हो सका तब उस समय के तत्कालीन महन्त जी ने अपनी सिद्धियों और हनुमान जी महाराज की कृपा से इसी कुंड का





पानी मंगवाया। चमत्कारिक रूप से वह पानी दूध में बदल गया और फिर उसी से मावा तैयार किया गया। कुंड के पानी (पन) से खोवा (ख्वा) बनने की इस दिव्य घटना के कारण ही इस पवित्र स्थान का नाम हमेशा के लिए पनख्वा जी पड़ गया।यह सिद्ध स्थान केवल धार्मिक पूजा-पाठ तक ही सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक सेवा की भी एक मिसाल पेश कर रहा है। मंदिर परिसर में एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन और एक बहुत बड़ा खुला मैदान मौजूद है।यह परिसर उन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा है जो बड़े-बड़े होटलों और मैरिज गार्डनों का भारी-भरकम खर्च उठाने में असमर्थ हैं। ऐसे परिवार यहाँ आकर अपनी बेटियों का पूरे रीति-रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराते हैं। इसके अलावा यहाँ हर वर्ष जरूरतमंद कन्याओं के निशुल्क सामूहिक विवाह भी आयोजित किए जाते हैं। धार्मिक चमत्कार के इतिहास को समेटे और सामाजिक सरोकार को निभाते हुए पनख्वा जी सिद्ध स्थान आज क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था एक अनूठा संगम बना हुआ है।

# लक्ष्मण मंदिर से जागेश्वरी मंदिर तक जले दीप

**सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित**

**कार्यकर्ताओं में दिखा अजब-सा जोश**

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर देश भर में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर विभिन्न सेवा और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल में सुबह एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ। अभियान के प्रति एकजुटता दिखाते हुए जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित कुल अठारह कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज को सेवा का संदेश दिया।

**माता जागेश्वरी मंदिर से निकली दीप यात्राः**

रक्तदान शिविर के बाद शाम चार बजे आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत माता जागेश्वरी मंदिर प्रांगण में एक भव्य आयोजन हुआ। यहाँ कार्यकर्ताओं और स्थानीय श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में दीप जलाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर प्रांगण से एक भव्य दीप यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई दिल्ली दरवाजा चौराहा पहुँची जहाँ कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित किए।

**लक्ष्मण मंदिर में महाआरती, रंगोली और दीर्घायु की कामना :**

शाम को शहर प्रसिद्ध परमेश्वर ताल स्थित लक्ष्मण मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं ने आकर्षक रंगोली सजाई और चारों तरफ दीप जलाकर भगवान श्री लक्ष्मण जी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।इस अवसर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा देश की प्रगति, विकास और वैश्विक पटल पर भारत का मान बढ़ाने में दिए गए अभूतपूर्व योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय पदाधिकारीकार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।



## आयोजन | टोरिया मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस के शुभ अवसर पर ओझा समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़ी धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ओझा समाज के सभी सदस्य एकजुट होकर गौशाला की टोरिया स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पहुंचे। मंदिर प्रांगण में समाज के लोगों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ और महाआरती का आयोजन किया गया। विश्व कल्याण एवं समाज की समृद्धि की कामना के साथ आहुतियां दी गईं, जिसके पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में ओझा समाज के



जिला अध्यक्ष लल्लीराम, पूर्व अध्यक्ष काशीराम, संरक्षक प्रदीप ओझा, सचिव सतीश ओझा, कोषाध्यक्ष प्रेम नारायण ओझा, युवा अध्यक्ष सुनील ओझा एवं पूर्व युवा अध्यक्ष मुकेश सोफा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं गोपाल ओझा, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश ओझा, छोटे लाल, राजकुमार, अरविंद मामा, हरिओम ओझा, रामू ओझा, जीतू ओझा सहित समाज के कई वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।





### सकल हिंदू समाज ने आरती उतारकर किया भव्य स्वागत

**अशोकनगर।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका सकल हिंदू समाज द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने भगवान विश्वकर्मा की झांकी का माल्यार्पण कर विधिवत पूजन एवं महाआरती उतारी। इस अवसर पर दीपक मिश्रा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के शिल्पी और देवताओं के परम वास्तुकार हैं।

# अहंकार के त्याग से ही आत्मा में प्रकट होता है उत्तम मार्दव धर्म : मुनिश्री निरंजन सागर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पर्वराज पर्युषण के द्वितीय दिवस पर आयोजित आर्ट ऑफ लिविंग सत्र में परम पूज्य मुनि निरंजन सागर जी महाराज ने उत्तम मार्दव धर्म पर मंगल देशना दी। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मान और अहंकार का त्याग करना ही वास्तव में मार्दव धर्म है।

मुनिश्री ने कहा कि जब हम दूसरों के गुणों का सम्मान करते हैं और उसमें प्रसन्नता महसूस करते हैं, तभी हमारे जीवन में सहजता, सरलता और मृदुता का आगमन होता है। जो व्यक्ति अपने कुल, रूप, जाति, ज्ञान या बुद्धि पर थोड़ा सा भी घमंड नहीं करता, वही मार्दव धर्म का वास्तविक पालन करता है।

अहंकार पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा मैं करता हूँ का भाव ही अहंकार है, जब तक आत्मा पर मान कषाय हावी रहेगी, तब तक निज स्वभाव रूपी मार्दव धर्म प्रकट नहीं हो सकता। नेम (नाम) और फेम (प्रसिद्धि) की चाहत ही व्यक्ति को पतन की ओर ले जाती है। इतिहास गवाह है कि इसी मान कषाय के कारण रावण और कौरवों का पतन हुआ, जबकि श्रीराम और पांडव अपनी सरलता के कारण पूजनीय बने। मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि उत्तम धर्म वही है जो संवर और निर्जरा का कारण बने, जिसमें किसी सांसारिक ख्याति या लाभ की आकांक्षा न हो। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील चन्देरी जिला अशोकनगर म.प्र.**

प्र.क./.../ड-154/2026/

चन्देरी, दिनांक- 16/09/2026

**//प्रेस विज्ञप्ति //**

इस न्यायालय में आवेदक भरत केवट पुत्र बुददा केवट निवासी ग्राम हंसारी तहसील चन्देरी द्वारा अपनी दादीश्री मायाबाई केवट पति रग्गा केवट की मृत्यु दिनांक 13-09-1995 को ग्राम हंसारी में मृत्यु हो जाने का लेख कर लोक सेवा केन्द्र चन्देरी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत : उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30/09/2026 तक इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील-चंदेरी**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग ईसागढ जिला अशोकनगर (मप्र)**

प्र.क्र..0013/अ-6-अ/2026-27

ईसागढ दिनांक 16.09.26

// विज्ञप्ति //

जर्ये विज्ञाप्ति सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाशनारायण उर्फ कैलाशपति पुत्र कमल सिंह जाति ब्राहमण निवासी फुटेरा पछार तहसील ईसागढ द्वारा भूमि स्थित ग्राम फुटेरा के सर्वे क्रमांक 132/2/1 रकवा 0.840हे. भूमि पर कैलाशपति पुत्र कमलसिंह के स्थान पर कैलाशनारायण शर्मा उर्फ कैलाशपति नाम/ इन्द्राज दुरूस्ती का आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

जिस किसी भी व्यक्ति/हितबद्ध पक्षकारों को कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह मेरे न्यायालय में स्वंय अथवा अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 07.10.26 तक अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। बाद म्याद गुजरने पर कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

यह विज्ञाप्ति आज: दिनांक 16.09.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अनुभाग-ईसागढ़, जिला अशोकनगर**